जुलाई 2021

# उदाहरण 2: CRWM दिशानिर्देश कैसे लागू करें - सीमित स्थान वाला अपशिष्ट और संसाधन रिक्वरी सुविधा-केन्द्र

प्रकाशन: 1853, जुलाई 2021 को प्रकाशित दिशानिर्देश

## सीमित परिचालन स्थान वाला अपशिष्ट और संसाधन रिक्वरी सुविधा-केन्द्र

इस उदाहरण का उद्देश्य *रिसाइक्ल करने योग्य और अपशिष्ट पदार्थ जो दहनशील होते हैं उनकेप्रबंधन और* भंडारण में उल्लिखित अग्नि जोखिम प्रबंधन सिद्धांतों को लागू करने में आपकी सहायता करना है - **सीमित परिचालन स्थान वाले अपशिष्ट और संसाधन रिक्वरी सुविधा-केन्द्र** के लिए दिशानिर्देश (प्रकाशन 1667) (यानी दिशानिर्देश)।

हमने इस उदाहरण को एक अपशिष्ट और संसाधन रिक्वरी सुविधा-केन्द्र प्रबंधक के रूप में, आपको, रिसाइकिल करने योग्य और अपशिष्ट पदार्थ जो दहनशील होते हैं (CRWM), उनसे जुड़े आग के जोखिम का प्रबंध करने के तरीके को बेहतर ढंग से समझने, और नए विक्टोरियन पर्यावरण संरक्षण कानूनों का पालन करने में आपकी मदद करने के लिए विकसित किया है।

इस उदाहरण:
- का प्रयोजन केवल एक गाइड के रूप में उपयोग किया जाना है। आपके अपने जोखिम आकलन और जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया के लिए काफी अधिक विवरण की आवश्यकता हो सकती है। जहाँ उपयुक्त हो, आपको कानूनी सलाह लेने या अग्नि सुरक्षा विशेषज्ञ से परामर्श करने की भी आवश्यकता हो सकती है
- यह दर्शाता है कि अलग-अलग आकार और प्रकार के सुविधा-केन्द्रों में मौजूद आग के मुख्य जोखिमों का आकलन और नियंत्रण करने के लिए चार बुनियादी चरणों का पालन कैसे किया जाए
- इसमें कुछ उपाय शामिल हैं जिन्हें आप आग के जोखिम को खत्म करने या कम करने के लिए शुरू सकते हैं, जहाँ तक कि यथोचित रूप से व्यावहारिक हो, खासकर जहाँ उदाहरण आपकी अपनी साइट और संचालन के साथ समान चीजों को साझा करती हो
- इसमें एक साइट मैप (नक्शा) शामिल है जो टेक्सट के भीतर चर्चा किए गए नियंत्रणों को दर्शाता है। यह साइट मैप आपातकालीन प्रबंधन उद्देश्यों के लिए साइट लेआउट योजनाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करता है
- महत्वपूर्ण जोखिमों और नियंत्रणों पर ध्यान केंद्रित करता है। जरूरी नहीं है कि यह हर स्थिति के संबंध में जोखिमों और नियंत्रणों की एक विस्तृत सूची प्रदान करे। इस उदाहरण में, यदि आपकी गतिविधियाँ शामिल नहीं हैं, या उन्हें पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं किया गया है, तो आपको उपयुक्त योग्य व्यक्ति या किसी अन्य विश्वसनीय स्रोत से अतिरिक्त या अधिक अनुकूलित सलाह लेने की आवश्यकता हो सकती है।

## साइट के बारे में

एरिक एक संसाधन रिक्वरी सुविधा-केन्द्र का संचालन करता है जो अन्य व्यवसायों से घिरी हुई है और उसके पास EPA पंजीकरण है:



- कुल साइट क्षमता CRWM की 5,000 m3 से कम है।
- एरिक को संसाधन रिक्वरी के लिए अनुबंधित काउंसिल ट्रकों से विभिन्न तरीकों के अपशिष्ट मिलते हैं और वह उनकी छटाई करता है। इसमें धातु और ई-कचरे के अलावा सामान्य घरेलू रिसाइक्ल करने योग्य सामग्री शामिल हैं।
- एरिक ने 10 वर्षों से अधिक समय तक इस सुविधा-केन्द्र का संचालन किया है। एरिक के सुविधा-केन्द्र के चारों ओर अन्य व्यवसाय हैं, जिससे सुविधा-केन्द्र का विस्तार नहीं किया जा सकता है।
- वहाँ एक छोटा सा नाला है जो संपत्ति की पश्चिमी सीमा और आस-पास के सुविधा-केन्द्रों के बीच बहता है।
- एरिक ई-कचरे को एक छोटे से शेड में स्टोर करता है, जिसे केवल ई-कचरा भंडारण के लिए नामित किया गया है। एरिक के संसाधन रिक्वरी सुविधा-केन्द्र के लेआउट के लिए चित्र 1 देखें।
- साइट पर बिजली है और यहाँ मेनस वॉटर की सुविधा भी है।

Environment Protection Authority Victoria
GPO BOX 4395 Melbourne VIC 3001
1300 372 842 (1300 EPA VIC) **epa.vic.gov.au**

# उदाहरण 2:
# CRWM दिशानिर्देश कैसे लागू करें




चित्र 1: अग्नि जोखिम आकलन पूरा किए जाने ***से पहले*** एरिक का सुविधा-केन्द्र। ध्यान दें कि यह चित्र पैमाने के अनुसार नहीं बनाया गया है।

# उदाहरण 2:
# CRWM दिशानिर्देश कैसे लागू करें

## जोखिम को कम करने और विक्टोरियन पर्यावरण संरक्षण कानूनों का पालन करने के लिए दिशानिर्देश का उपयोग करना

विक्टोरियन पर्यावरण संरक्षण कानूनों का पालन करने के लिए, एरिक को यह करना होगा:

- उसके सुविधा-केन्द्र की गतिविधियों से जुड़े आग के खतरों को समझना
- अग्नि जोखिम आकलन का संचालन और दस्तावेजीकरण करना
- CRWM को संग्रहीत और प्रबंधित करने के लिए सभी उचित व्यावहारिक कदम उठाना ताकि मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को नुकसान होने का खतरा कम से कम हो
- आपातकालीन प्रबंधन योजना तैयार करना
- उसके पंजीकरण में निर्धारित शर्तों का पालन करना।

## मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए चार चरण की प्रक्रिया

एरिक को अपने जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए चार अविरल चरणों का पालन करना होगा। वे अग्नि जोखिम आकलन प्रक्रिया का निर्माण करते हैं।




## परिभाषाएं

**खतरा:** कुछ ऐसा जो नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है ,जैसे कि वायु, पानी या मिट्टी।

**जोखिम:** वह आशंका जो मानव स्वास्थ्य या पर्यावरण के लिए खतरा पैदा करता है।

**नियंत्रण:** हानिकारक घटनाओं को शुरू में ही होने से रोकता है (निवारक नियंत्रण) या किसी हानिकारक घटना से होने वाले परिणाम या क्षति को सीमित करता है (नियंत्रण को कम करना)। नियंत्रणों के पदानुक्रम (दिशानिर्देश में चित्र 8) का उपयोग प्राथमिकता ढांचा प्रदान करके नियंत्रण की पहचान और चयन का समर्थन करने के लिए किया जा सकता है।

# उदाहरण 2: CRWM दिशानिर्देश कैसे लागू करें

एरिक चार चरणों का पालन करता है और ये कदम उठाता है:

| चरण | कार्रवाई | एरिक क्या करता है |
|---|---|---|
| 1 | **खतरों को पहचानना** - ऐसे कौन से खतरे मौजूद हैं जो नुकसान पहुंचा सकते हैं? | आग के संभावित कारणों की पहचान करने के लिए एरिक अपने कर्मचारियों के साथ साइट पर चक्कर लगाता है। वे ध्यान देते हैं कि CRWM स्टोरेज (सीमित स्थान के कारण) के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र में होने वाले अधिक तापमान वाले काम (वेल्डिंग, ग्राइंडिंग) एक खतरा पेश करते हैं। खुली लपटें या चिंगारियां पास के CRWM को सुलगा सकती हैं और आग लगा सकती हैं।<br>वे ई-कचरा शेड में संग्रहीत कई प्रकार के ई-कचरे को खतरनाक मानते हैं। उदाहरण के लिए, बैटरियों से जहरीले रसायन लीक हो सकते हैं और आग लगने का स्रोत बन सकते हैं। वे जैविक (हरे) कचरे के अपने आप से गर्म हो जाने की संभावना को भी दर्ज करते हैं, जिससे अपने आप से आग लग सकती है। एरिक यह भी ध्यान देता है कि उसके यहाँ साइट पर कोई फायर हाइड्रेंट नहीं लगे हुए हैं।<br>एरिक यह पाता है कि आग लगने की स्थिति में, आग से लड़ने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला पानी या झाग कचरे के ढेर से दूषित पदार्थों को किसी दूसरे स्थान पर ले जा सकता है। साइट पर किसी भी अग्निशमन गतिविधियों से इसका किसी दूसरे स्थान पर बह कर जाना पास के नाले के लिए एक जोखिम है। |
| 2 | **जोखिमों का आकलन करना** — खतरे के होने और नुकसान होने की संभावना और उस नुकसान के परिणाम (यानी प्रभाव) के आधार पर जोखिम क्या है? | पहचाने गए प्रत्येक खतरे के लिए, एरिक उस खतरे से जुड़ी संभावना और परिणाम पर विचार करता है। एरिक इस जानकारी को इस जोखिम आकलन प्रक्रिया के दस्तावेज़ीकरण के रूप में साइट रिस्क (जोखिम) रजिस्टर में रिकॉर्ड करता है।<br>वह आकलन करता है कि आग के उसके पूरे सुविधा-केन्द्र और आस-पड़ोस की संपत्तियों में फैलने की बहुत अधिक संभावना होगी।<br>उसने यह भी आकलन किया कि नाले में दूसरे स्थान से बह कर आए दूषण के प्रवेश करने की संभावना है, जिसके परिणामस्वरूप मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।<br>एरिक पता लगाता है कि उसके ई-वेस्ट शेड में आग से प्रदूषक हवा में जा सकते हैं या बह कर नाले में दूषण के रूप से जा सकते हैं।<br>अधिक तापमान वाले कामों (हॉट वर्क्स) की गतिविधि की बारंबारता और अधिक तापमान वाले कामों (हॉट वर्क्स) से सुरक्षित बना कर रखने के लिए सीमित उपलब्ध स्थान के कारण CRWM के आग लगने की भी संभावना है।<br>एरिक लगवाए गए फायर हाइड्रेंट्स के वहाँ न होने पर ध्यान देता है, जिसका अर्थ है कि एक छोटी सी आग के बढ़ने और इसके फैलने से रोकने के लिए उसके पास साइट पर कोई नियंत्रण उपाय नहीं हैं। |
| 3 | **नियंत्रण लागू करना** - जहाँ तक यथोचित रूप से व्यावहारिक हो, जोखिम को खत्म करने या कम करने के लिए व्यवसाय पर कौन से नियंत्रण उपयुक्त और उपलब्ध हैं? | एरिक तय करता है कि CRWM को सुलगाने वाली चिंगारियों और पिघली हुई धातु के जोखिम से बचने के लिए उसे अधिक तापमान वाले कामों के लिए एक बंद जगह की आवश्यकता है। वह अपने अधिक तापमान वाले कामों के क्षेत्र और CRWM स्टोरेज के बीच अधिक दूरी बनाने के लिए अपने CRWM स्टोरेज लेआउट को बदल देता है।<br>एरिक ने पहले से ही अपने CRWM को सामग्री के प्रकार के आधार पर अलग किया है और वर्तमान में उसके पास खुले में भंडारण के 10 ढेर हैं। ई-कचरे के भंडारण के लिए उसके पास एक छोटा सा शेड भी है।<br>एरिक को यह दर्शाने की आवश्यकता है कि वह कार्यशीलता के उद्देश्यों और भंडारण के प्रभावी प्रबंधन के अपेक्षित परिणामों पर खरा उतर रहा है। एरिक नाले के पास स्थित भंडार के पश्चिमी हिस्से के चारों ओर कंटेनमेंट वॉल भी स्थापित करता है। यह कंटेनमेंट इधर-उधर पड़े कचरे को आस-पास की जमीन पर या नाले में जाने से रोकने में मदद करेगी।<br>एरिक ई-वेस्ट स्टोरेज पर मार्गदर्शन के लिए EPA के ई-वेस्ट स्टोरेज मार्ग दर्शन का हवाला लेता है। एरिक अपने ई-कचरे को स्टोर कर के रखने के समय को कम से कम करता है, और गर्म हो जाने केअधिक खतरे वाले ई-कचरे के प्रकारों की पहचान करता है और उन्हें अलग करता है।<br>शेड में उसके ई-कचरे को एक अभेद्य सतह पर एक बंधे हुए क्षेत्र में संग्रहित किया जाता है, जो मौसम से सुरक्षित रहता है। यह ई-कचरा रसायनों और धूल कणों के छोड़े जाने को नियंत्रित करने में मदद करता है जो भूमि, सतही जल और भूजल को दूषित कर सकते हैं। |

# उदाहरण 2:
# CRWM दिशानिर्देश कैसे लागू करें

| चरण | कार्रवाई | एरिक क्या करता है |
|---|---|---|
| | | ई-वेस्ट शेड में स्वचालित स्मोक अलार्म लगाया गया है। इससे साइट पर रहने वालों और फायर ब्रिगेड को आग लगने की चेतावनी मिलेगी।<br>अपने जैविक कचरे के भंडार से आग के जोखिम को कम करने के लिए, एरिक छोटे भंडार रखता है और इस कचरे के लंबे समय के भंडारण से बचता है। एरिक नियमित रूप से पाइल (ढेर) के तापमान की निगरानी और जांच भी करता है और सुलगने (धुआं और गंध) के संकेतों पर नज़र रखता है।<br>एरिक के पास साइट पर स्वचालित अग्नि सुरक्षा प्रणाली नहीं है। वह किसी भी आग को बुझाने के लिए काफी हद तक अग्निशमन सेवाओं पर निर्भर करेगा। वह आग बुझाने वाले यंत्र और फायर हाइड्रेंट लगाता है (AS2419 के अनुसार) ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि किसी भी आग को नियंत्रित करने के लिए अग्निशमन सेवाओं के लिए पर्याप्त पानी की आपूर्ति हो।<br>वह अपने स्थानीय फायर ब्रिगेड के साथ परामर्श करता है और लाइन्ड कैचमेंट पिट लगाता है। यह उसकी साइट के पश्चिमी किनारे पर CRWM भंडारण क्षेत्र के साथ स्थित है ताकि आग के पानी और दूषित तूफानी पानी को नाले में प्रवेश करने से रोका जा सके।<br>**आपातकालीन प्रबंधन योजना**<br>जैसे-जैसे वे साइट आपातकालीन प्रक्रियाओं पर काम करते हैं, एरिक और उसके चार कर्मचारी अपनी आपातकालीन योजना समिति के लिए एक साइट फायर वार्डन और भूमिकाओं को चुनते हैं। आग लगने की स्थिति में फायर वार्डन आपातकालीन सेवाओं के साथ संपर्क करेगा।<br>एरिक की आपातकालीन प्रबंधन योजना में अब उसका अपडेट किया हुआ साइट लेआउट, इन्वेंट्री और उसके रन-ऑफ मैनेजमेंट (कैचमेंट पिट) और ई-कचरे के लिए स्वचालित स्मोक अलार्म सिस्टम के बारे में जानकारी शामिल है। इसमें आपातकालीन प्रक्रियाएं, जगह खाली करके सुरक्षित स्थान पर जाने के स्थानों को बताना और आपातकालीन संपर्क विवरण भी शामिल हैं। एरिक यह सुनिश्चित करता है कि अपनी साइट पर नए आगंतुकों को जगह से परिचित कराता है और उन्हें सुविधा-केन्द्र को खाली करके किसी सुरक्षित स्थान पर जाने के स्थान और आपातकालीन प्रक्रियाओं को दिखाता है।<br>वह दोबारा स्थित किए गए आपातकालीन सूचना कंटेनर में आपातकालीन जानकारी संग्रहीत करता है। आपातकालीन सूचना कंटेनर को परिसर के अंदर *की बजाय, फ्रंट गेट पर बूम* के सामने ले जाया गया और लगाया गया है। इससे अग्निशमन सेवाएं आसानी से कंटेनर तक पहुंच सकेंगी। |
| 4 | **नियंत्रणों की जाँच करना** - यह सुनिश्चित करने के लिए नियंत्रण प्रभावी हैं, उनकी समीक्षा करना। | एरिक ने अपनी साइट के खतरों, जोखिमों और नियंत्रणों को जोखिम रजिस्टर में दर्ज किया है, और यह पता लगाया है कि प्रभावशीलता के लिए नियंत्रणों की जाँच कैसे की जाएगी। यह उसके जोखिम मूल्यांकन का प्रलेखित प्रमाण है।<br>उसने एक रखरखाव रजिस्टर भी बनाया है, जहां वह अपनी अग्नि सुरक्षा प्रणालियों के लिए सेवा रिकॉर्ड पर हस्ताक्षर करेगा और यह ट्रैक करेगा कि निर्माता के विनिर्देशों के अनुसार उपकरण की जाँच/सर्विस कब किए जाने की आवश्यकता है।<br>एरिक अब अपने कर्मचारियों के लिए साप्ताहिक टूलबॉक्स बैठक आयोजित करता है और इन बैठकों का रिकॉर्ड रखता है। वे सुविधा-केन्द्र में मौजूदा और उभरते खतरों और जोखिमों पर चर्चा करने के लिए टूलबॉक्स बैठकों का उपयोग करते हैं, और पहचाने गए खतरों को खत्म करने या कम करने के लिए बातचीत करके निकाले नियंत्रों का उपयोग करते हैं। बैठकों में वे नियमित साफ़-सफ़ाई (हाउसकीपिंग) पर भी हस्ताक्षर करते हैं और इन तरीकों को ठीक करने के उद्देश्य से उन क्षेत्रों की पहचान करते हैं जहाँ साइट की नीतियों का पालन नहीं किया जा रहा है।<br>एरिक की योजना हर छह महीने में साइट पर आपातकालीन फायर ड्रिल अभ्यासों का संचालन करने की है। इन अभ्यासों से फायर वार्डन को अग्निशमन सेवाओं को महत्वपूर्ण जानकारी देने में मदद मिलेगी।<br>अभ्यास यह भी सुनिश्चित करेंगे कि आग लगने के दौरान सभी कर्मचारी अपनी भूमिकाओं से अवगत होते हैं, और हर कोई निकास प्रक्रियाओं का पालन कर रहा होता है। |


# उदाहरण 2:
# CRWM दिशानिर्देश कैसे लागू करें

## चार चरणों की जोखिम प्रबंधन प्रक्रिया का दस्तावेजीकरण



इस उदाहरण के लिए दिशानिर्देश में तालिका 11 देखें कि एरिक अपने अपशिष्ट और संसाधन रिकरी सुविधा-केन्द्र पर खतरों, संभावित कारणों और प्रभावों का दस्तावेजीकरण कैसे कर सकता है, और वह उन्हें प्रभावी ढंग से कैसे प्रबंधित करेगा।

एरिक अपने अग्नि जोखिम आकलन कार्रवाईयों के भाग के तौर पर खतरे और जोखिम रजिस्टर की समीक्षा करेगा और इसे अपडेट करेगा। वह सुनिश्चित करता है कि नियंत्रणों का कार्यान्वयन उसकी व्यावसायिक गतिविधियों द्वारा पेश किए जाने वाले जोखिमों के अनुपात में है।




चित्र 2: नियंत्रण लागू होने के ***बाद*** एरिक का सुविधा-केन्द्र ध्यान दें कि यह चित्र पैमाने के अनुसार नहीं बनाया गया है।

# उदाहरण 2: CRWM दिशानिर्देश कैसे लागू करें

## प्रदर्शन के उद्देश्यों और अपेक्षित परिणामों को पूरा करना

एरिक दर्शाता है कि कैसे उसने इन प्रदर्शन उद्देश्यों और दिशानिर्देश में अपेक्षित परिणामों को पूरा करके विक्टोरियन पर्यावरण संरक्षण कानूनों का पालन करने के लिए उचित कदम उठाए हैं:

- आग से होने वाले जोखिम का आकलन करना — अध्याय 3 देखें।
- अपने आग के खतरों और जोखिम को नियंत्रित करना - अध्याय 4 देखें।
- प्रभावी भंडारण प्रबंधन नियंत्रण- अध्याय 5 देखें।

## और अधिक जानकारी

- *जोखिम का आकलन और नियंत्रण करना: व्यवसाय के लिए एक गाइड* (प्रकाशन 1695)
- *रिसाइक्ल करने योग्य और अपशिष्ट पदार्थ जो दहनशील होते हैं*
- *रिसाइक्ल करने योग्य और अपशिष्ट पदार्थ जो दहनशील होते हैं, उनका प्रबंधन और भंडारण — दिशानिर्देश* (प्रकाशन 1667)
- *आग की रोकथाम: रिसाइक्ल करने योग्य और अपशिष्ट पदार्थ जो दहनशील होते हैं, उनसे जुड़ा तथ्य पत्रक* (प्रकाशन 1759)
- *औद्योगिक मार्गदर्शन: सामान्य पर्यावरणीय कर्तव्य का पालन करने में आपकी सहायता करना* (प्रकाशन 1741.1)
- *यथोचित रूप से व्यावहारिक* (प्रकाशन 1856)
- *अनुमतियाँ योजना — नीति* (प्रकाशन 1799.2)
- *अपशिष्ट ढांचे का सारांश* (प्रकाशन 1756.2)
- *रिसाइक्ल करने योग्य और अपशिष्ट पदार्थ जो दहनशील होते हैं, उनका प्रबंधन और भंडारण — आंतरिक भंडारण दिशानिर्देश*

यह प्रकाशन केवल सामान्य मार्गदर्शन के लिए है। यदि आपकी कोई विशेष चिंता है तो आपको पेशेवर सलाह लेनी चाहिए। EPA विक्टोरिया ने प्रकाशन के समय सटीकता सुनिश्चित करने के लिए हर उचित प्रयास किया है।

इस कार्य को क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन 4.0 लाइसेंस के तहत लाइसेंस दिया गया है।

इस प्रकाशन के बारे में ऑनलाइन फ़ीडबैक दें: epa.vic.gov.au/publication-feedback



EPA एबोरिजनल (आदिवासी) लोगों को उस भूमि और पानी के प्रथम लोगों और पारंपरिक संरक्षकों के रूप में स्वीकार करता है जिस पर हम रहते हैं, काम करते हैं और निर्भर हैं। हम एबोरिजनल बुजुर्गों का,उनके अतीत और वर्तमान का सम्मान करते हैं।

विक्टोरिया के पर्यावरण नियामक के रूप में, हम इस बात का सम्मान करते हैं कि कैसे हजारों वर्षों से एबोरिजनल लोगों द्वारा देश की रक्षा और देखभाल की गई है।

हम पारंपरिक मालिकों के लिए भूमि, पानी और पर्यावरण में मौजूद सभी चीज़ों के अद्वितीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को स्वीकार करते हैं, और राष्ट्र के साथ उनके निरंतर संबंध और आकांक्षाओं को पहचानते हैं।

Interpreter

अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भाषाओं के लिए, कृपया **131 450** पर कॉल करें।
अगले चरणों के लिए **epa.vic.gov.au/about-epa/contact-us/languages** देखें।
यदि आपको सुनने या बोलने में परेशानी के कारण सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया **accesshub.gov.au** पर जाएं